हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 13 जुलाई 2025

06 चार धामों से बढ़कर बासौदा जीता जागता तीर्थ...



09 भगवान के नाम का स्मरण करने वालों का स्वयं ...





## खबर संक्षेप

### मेधावी छात्र- छात्राओं और समाजसेवियों का सम्मान आज

**विदिशा।** वैश्य महासम्मेलन मप्र की जिला ईकाई विदिशा द्वारा आज दोपहर 1 बजे मानव सेवा न्याय में साधारण सभा एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक के दौरान सुझाव और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जाएगी। इसी दौरान समस्त तहसीलों के हाईस्कूल तथा हायरसेकंडरी स्कूल परीक्षा 2025 में 85% अंक अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओं तथा समाजसेवियों का सम्मान किया जाएगा।

### 2.75 लाख लाडली बहनों के खातों में 33.57 करोड़ जमा

**विदिशा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन जिले की ग्राम पंचायत नलवा से लाडली बहना योजना की जुलाई माह की किश्त का वितरण किया। विदिशा जिले की 2.75 लाख लाडली बहनों के खातों में 33.57 करोड़ रुपये अंतरित किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा ने बताया कि इस राशि में बासौदा की 41,129, ग्यारसपुर की 24,599, कुरवाई की 27,752, नटेरी की 25,876, नटेरन की 33,509, सिरोंज की 37,102 और विदिशा की 29,702 बहनें शामिल हैं।

### आंचल कक्ष का पूर्व सीएम ने किया शुभारंभ

**विदिशा।** केंद्रीय मंत्री व पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कलेक्ट्रेट में आंचल कक्ष का फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने जिला प्रशासन की इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह नवाचार माताओं को बच्चों को समय पर स्तनपान कराने में सहूलियत देगा। इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल सहित विधायक, कलेक्टर अंशुल गुप्ता और अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद केंद्रीय मंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों और स्वसहायता समूहों के स्टालों का अवलोकन किया और महिलाओं से संवाद कर उनकी आय वृद्धि के लिए विभागों को निर्देश दिए।

### दिशा समिति की बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री ने जनहित के कार्यों पर दिया जोर

# बीज अंकुरित नहीं होने पर मुआवजा देने के आदेश, ग्रामीण सड़कें खराब होने का मुद्दा उठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शनिवार को विदिशा आए केंद्रीय कृषि, किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कलेक्ट्रेट में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक ली।

केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि जनता की भलाई और विकास ही हमारा ध्येय होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक समय पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि विदिशा को योजनाओं के क्रियान्वयन में मॉडल जिला बनाया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ऐसे लाभार्थियों की पहचान करें जो अब तक योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग की जाए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर पक्के मकान मिलें। निर्माण कार्य के लिए एक साथ सीमेंट और अन्य निर्माण सामग्री की थोक खरीद की व्यवस्था की जाए ताकि सामग्री सस्ती दरों पर सीधे फैक्टरियों से लाई जा सके। बैठक में विधायक सूर्यप्रकाश मीणा, सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा, विदिशा विधायक मुकेश टंडन, कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे, जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, कलेक्टर अंशुल गुप्ता, एसपी रोहित काशवानी, जिपं सीईओ ओपी सनोडिया सहित विभागीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



विदिशा। शासकीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान।

### लखपति दीदी के बाद अब मिलेनियम दीदी की अवधारणा को जमीन पर उतारने की दिशा में जिले में नवाचार हो: शिवराज

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बैठक के दौरान कहा कि लखपति दीदी के बाद अब मिलेनियम दीदी की अवधारणा को जमीन पर उतारने की दिशा में जिले में नवाचार हों। कृषि विभाग की समीक्षा में केंद्रीय मंत्री ने किसानों को उच्च गुणवत्ता के बीज समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सोयाबीन की बोवनी में अंकुरण नहीं होने वाले किसानों को मुआवजा दिलाने के भी आदेश दिए। साथ ही उर्वरक भंडारण, बीज वितरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, कृषि यंत्रों की किराया सुविधा और कीटनाशक नियंत्रण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी भी ली।

### विकास कार्य टीम भावना से हों: प्रभारी मंत्री

प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने कहा कि जिले के विकास कार्य टीम भावना से समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए जनहित के सुझावों को शामिल कर क्षेत्र की जनता को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाया जाए।

### जिपं अध्यक्ष ने उठाया हाईवे निर्माण में सड़कें खराब होने का मामला

दिशा और जिला योजना समिति की बैठक में जिपं अध्यक्ष ने जनहित में उठाए कई मुद्दे विदिशा। बैठक में जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने जिले की सड़कों की दुर्दशा का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि 73 स्थानों पर गौण खनिज उत्खनन की अनुमति ली गई है, लेकिन केवल 4 सड़कों के खराब होने की बात कही जा रही है यह सरासर तथ्यहीन बात है। जिपं अध्यक्ष ने बालाजी पैराडाइज की ओर जाने वाली पूरनपुरा गली नंबर 5 तथा कपूर गार्डन से गुरारिया गांव तक अंडरपास निर्माण की मांग रखी। जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जब तक बांधों से पानी नहीं छोड़ा जाता, तब तक पाइपों की गुणवत्ता और दबाव की जांच संभव नहीं है। जिससे पाइपलाइन अवरुद्ध होने का खतरा रहेगा। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करें।

# 24 घंटे में 1.63 इंच वर्षा, मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया

### सेंट्रल बैंक में डेढ़ फीट पानी, स्कूल के बाहर भी जलभराव





विदिशा। सेंट्रल बैंक के पूरे परिसर में डेढ़ फीट तक पानी भरा हुआ है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिले में शनिवार सुबह से रुक-रुककर बारिश जारी है। बीच-बीच में तेज बारिश के चलते सड़कों पर पानी भर गया है और कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बन गई है। अहमदपुर चौराह क्षेत्र में सेंट्रल बैंक शाखा में करीब डेढ़ फीट पानी भर गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस क्षेत्र में हर साल भारी बारिश के दौरान पानी भरता है। शेरपुरा स्थित सरकारी स्कूल के बाहर भी बारिश का पानी भर गया है, जिससे छात्र-छात्राओं को परेशानी हो रही है।

### 24 घंटे में जिले में 41.6 मिमी औसत बारिश दर्ज

पिछले 24 घंटे में जिले में कुल 415.6 मिमी (16.37 इंच) बारिश दर्ज की गई। इससे जिले की औसत वर्षा 41.6 मिमी (1.63 इंच) रही। तहसीलवार आंकड़ों में सबसे अधिक बारिश शमशाबाद में 90.0 मिमी (3.54 इंच), पठारी में 60.0 मिमी (2.36 इंच), विदिशा में 70.0 मिमी (2.75 इंच), सिरोंज और नटेरन में 55.0 मिमी (2.16 इंच) दर्ज की गई।

### इस सीजन पठारी में सबसे ज्यादा बारिश

1 जून से अब तक जिले में कुल 3587.6 मिमी (141.19 इंच) वर्षा हो चुकी है। इसमें सबसे अधिक बारिश पठारी तहसील में 536.6 मिमी (21.12 इंच) दर्ज की गई है। गुलाबगंज में 250.0 मिमी (9.84 इंच) और बासौदा में 280.5 मिमी (11.04 इंच) बारिश हुई है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को जिले में भारी बारिश की संभावना जताते हुए 'येलो अलर्ट' जारी किया है। अगले 24 घंटे में कुछ क्षेत्रों में तेज बारिश की संभवना है।

# सतधारा नदी का पानी करारिया चौराह की दुकानों तक पहुंचा, हाईवे की पुलिया संकरी होने से जलभराव हो रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करारिया

करारिया चौराहे पर सतधारा नदी का पानी दुकानों तक पहुंचा, पुलिया की संकीर्णता बनी खतरा करारिया चौराहे पर सतधारा नदी का पानी शनिवार को हुई बारिश के बाद दुकानों तक पहुंच गया।

क्षेत्र में बने नए फोरलेन निर्माण के दौरान पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है। चौराहे के पास बनी पुलिया काफी संकरी है, जिसके कारण नदी का पानी आसानी से निकल नहीं पा रहा और चौराहे पर जलभराव की स्थिति बन गई है। बारिश से नदी का जल स्तर बढ़ने के बाद दुकानदारों की दुकानों में पानी भरने लगा और पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जल भराव की स्थिति बनने के बाद तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने मांग की है कि हाईवे निर्माण के दौरान बनाई गई छोटी पुलिया को तोड़कर बड़े पुल का निर्माण कराया जाए।



विदिशा। पहली बार बनी जल भराव की स्थिति से चौराहे के दुकानदार घबराए।

# खेलते-खेलते खुले गटर में गिरा 6 साल का मासूम परिजनों ने 3 घंटे बाद निकाला, अस्पताल में तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

रायसेन जिले के खेजड़ा माखनी गांव में शुक्रवार शाम 6 वर्षीय शुभम लोधी की खुले गटर में गिरने से मौत हो गई।

परिजनों ने तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उसे गटर से निकाला और तुरंत रायसेन अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने उसे विदिशा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि पड़ोसी प्रेम सिंह और सुदीप ने शौचालय का गड्ढा खुदवाया था, लेकिन उसे न तो ढका और न ही कोई चेतावनी संकेत लगाया। इससे पहले इसी गड्ढे में एक गाय भी गिरी थी। बारिश के कारण गड्ढा पानी से भर गया और दिखाई नहीं दे रहा था, जिससे खेलते समय शुभम उसमें गिर गया। परिजन शुभम को ढूंढते रहे और तीन घंटे बाद रात 9 बजे उसे गड्ढे में देखा। परिजनों ने गड्ढा खुदवाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### परिजन बोले: पड़ोसी की लापरवाही से हुआ हादसा

चाचा का आरोप है कि पड़ोसी की लापरवाही से यह हादसा हुआ। अगर शौचालय का गड्ढा ढका होता तो बच्चे की जान बच सकती थी। परिजनों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही से किसी और मासूम की जान न जाए। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव का पोस्टमॉर्टम करवाया है। शुभम की बुआ ने बताया कि सब लोग धान लगाने के लिए गए थे। घर पर शुभम की दादी थी, शाम को वह पड़ोसी के बच्चे के साथ खेलने गया था सेफ्टी टैंक में गिर गया। इसके बावजूद पड़ोसियों ने हमें नहीं बताया कि ऐसा हो गया है। हम सब जगह ढूंढते रहे, इसके बाद रात 9 बजे हमें शुभम उसी टैंक में मिला।

### विदिशा पुलिस रायसेन थाने भेजेगी केस डायरी



अस्पताल चौकी के आरक्षक शुभम सिंह गुर्जर ने बताया कि रायसेन जिले के मखनी गांव से एक बालक को लाया गया था। परिजनों ने बताया कि वह खेलते-खेलते घर के पास एक गड्ढे में गिर गया था और उसमें डूब गया। बच्चे को विदिशा मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मर्ग कायम कर पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया की जा रही है। केस डायरी रायसेन थाना को भेजी जाएगी।

# तेज रफ्तार कार ने 12 बाइकों को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शनिवार की शाम एक तेज रफ्तार कार ने कई बाइकों को टक्कर मारी।

गाड़ी शहनाई गार्डन के सामने से होते हुए बांस कुली बड़ा बाजार, रामलीला चौराहे तरफ निकली इस दौरान उसने कई गाड़ियों को टक्कर मारी। दुर्गानगर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र चौहान ने बताया कि घटना के बाद उन्होंने कंट्रोल रुम को सूचना दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कार सवारों को गिरफ्तार कर लिया है। जिन्हे मेडिकल के लिए भेजा गया है। कार ने करीब 12 बाइकों को टक्कर मारी। पुलिस ने दो अरोपी राजकुमार मीणा और कुल्दीप मीणा को मेडिकल के लिए भेजा है। कार में एक युवती भी होने की बात कही जा रही है।



# बेहटा डेम की पार में दरार से फैली दहशत निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

जनपद की ग्राम पंचायत लखूली के दरगंवा स्थित बेहटा डेम की पार में मोटी दरार आने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है।

ग्रामीणों ने जल संसाधन विभाग और ठेकेदार पर गंभीर आरोप लगाते हुए निर्माण कार्य में भारी भ्रष्टाचार की आशंका जताई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह डेम पिछले वर्ष ही बनकर तैयार हुआ था, लेकिन निर्माण के कुछ ही महीनों बाद दरारें दिखने लगी थीं। इस वर्ष मानसून की पहली ही तेज बारिश में डेम की पार पर फिर से गहरी दरारें उभर आई हैं। इससे यह साफ जाहिर होता है कि निर्माण कार्य में भारी लापरवाही और निम्न गुणवत्ता वाली सामग्री का उपयोग किया गया है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होंने पहले भी विभाग को शिकायत दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब दोबारा दरारें आने से गांव के लोगों को जान-माल के नुकसान का डर सता रहा है। ग्रामीणों ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की है और दोषी ठेकेदार तथा विभागीय अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस मामले ने शासन-प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



### महिला पर हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**आनंदपुर।** थाना आनंदपुर पुलिस ने गंभीर महिला अपराध में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी लालाराम बंजारा 60 वर्ष निवासी नैनवास खुर्द को महज 24 घंटे में गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार 10 जुलाई को आरोपी ने पुरानी रंजिश के चलते गांव की महिला गुड्डी बाई बंजारा पर फरसा से सिर पर वार कर जान से मारने की कोशिश की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला का इलाज जिला अस्पताल विदिशा में जारी है। फरियादिया की शिकायत पर आनंदपुर पुलिस ने मामला दर्ज किया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से घटना में प्रयुक्त फरसा भी बरामद किया। आरोपी को 11 जुलाई को न्यायालय लटेरी में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# मानसिक कमजोर 22 वर्षीय युवती की लाश कुएं में मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

करैया जोड़ के पास एक कुएं में युवती की लाश मिली है चरवाहों ने शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। युवती की पहचान मोनिका बंजारा के रूप में हुई। वह करैया की रहने वाली थी। जिसकी उम्र उम्र 22 साल बताई जा रही है। सूचना पर नगर निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार , उप निरीक्षक प्रकाश भिलाला मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। मोनिका तीन दिन से लापता थी। उसके पिता कल्याण सिंह बंजारा ने 10 जुलाई को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मोनिका मानसिक रूप से कमजोर थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



# 11वीं भव्य कांवड़ यात्रा में बरसते पानी के बीच जमकर झूमे श्रद्धालु

**विदिशा।** श्री महागौरी मंदिर बोल बम कावड़ यात्रा सेवा समिति द्वारा 11वीं भव्य कावड़ यात्रा का आयोजन शनिवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया।

यात्रा का शुभारंभ सुबह 8 बजे बंगला घाट स्थित महादेव मंदिर से पूजा-अर्चना के बाद जल भरकर हुआ। इससे पूर्व डंडापुरा स्थित श्री महागौरी माता मंदिर में कथा व्यास अंकित कृष्णा तेनगुरिया बटुक महाराज द्वारा विधिवत पूजा कराई गई। भारी बारिश के बीच डीजे और ढोल की गूंज के साथ सैकड़ों श्रद्धालु बोल बम के जयघोष करते हुए नाचते-गाते नगर भ्रमण पर निकले। यात्रा बड़ा बाजार, तिलक चौक, माधवगंज, कांच मंदिर होते हुए विभिन्न शिवालयों तक पहुंची। जहां जलाभिषेक किया गया। समिति सदस्यों गौरव सेन एवं अजय कुशवाह ने बताया कि अंत में 20 श्रद्धालु कावड़ लेकर उदयपुर के लिए रवाना हुए, जो श्रावण के प्रथम सोमवार को नीलकंठ महादेव मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक करेंगे। कार्यक्रम में सौरभ सिंह राजपूत, संजय प्रजापति, रवि परिहार सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।



### पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल हुए रंगई धाम के विशंभर दास महाराज

# सनातन हिंदू उत्सव समिति ने 12 झांकियों को विशेष पुरस्कार, 70 को प्रथम, 70 को द्वितीय पुरस्कार दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति द्वारा आयोजित दुर्गा उत्सव पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह शनिवार को ऑडिटोरियम में हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रंगई धाम के महंत श्री 1008 विशंभर दास रामायणी जी महाराज ने कहा कि दुर्गा उत्सव जैसे आयोजनों में भारतीय संस्कृति से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम अधिक से अधिक कराए जाने चाहिए ताकि नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं का ज्ञान हो। समिति द्वारा गुरुदेव का शाल, श्रीफल और गदा भेंट कर सम्मान किया गया। समिति अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी ने बताया कि इस वर्ष 205 झांकी संचालकों को शस्त्र, स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें 12 झांकियों को विशेष पुरस्कार, 70 को प्रथम, 70 को द्वितीय तथा अन्य को प्रोत्साहन पुरस्कार दिए गए। पुरस्कार वितरण के लिए प्रायोजक के रूप में प्रथम पुरस्कार प्रांजल तोमर, द्वितीय पुरस्कार योगिता विकास तिवारी और प्रोत्साहन पुरस्कार कुलदीप जड़िया रहे। समिति प्रवक्ता मनोज शर्मा ने बताया कि निर्णायक मंडल के सभी पदाधिकारियों का भी अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। मंच संचालन मनोज शास्त्री और रिंकेश श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर नारायण सिंह कुशवाह, पूर्व अध्यक्ष चंद्र कुमार शर्मा, अतुल तिवारी, शैलेंद्र सिंह टीलाखेड़ी, पूर्व वित्त मंत्री राघव, महिला मंडल अध्यक्ष ज्योति सिद्धार्थ जैन, महामंत्री दीपक सक्सेना, युवा मंडल अध्यक्ष हैप्पी यादव समेत नागरिक मौजूद रहे।

- कई झांकी संचालकों को प्रोत्साहन पुरस्कार भी दिए।





विदिशा। झांकी संचालकों को पुरस्कार वितरित करते हुए कार्यक्रम के अतिथि।

खबर संक्षेप

## राजपूत प्रदेश संगठन मंत्री बने



**गंजबासौदा।** श्री राजपूत करणी सेना द्वारा राहुल प्रताप सिंह राजपूत को प्रदेश संगठन मंत्री नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर जिला अध्यक्ष संदीप सिंह चौहान, ग्यारसपुर पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द राजपूत,भानु चौहान, जितेंद्र राजपूत, विक्रम राजपूत, शुभम राजपूत सहित राजपूत समाज के अनेक लोगों एवं शुभचिंतकों ने बधाई दी।

## शिवकथा सुनने से होता है पापों का क्षय



**गंजबासौदा।** सिद्देश्वर महादेव मंदिर धर्मकांटा कालाबाग में चल रही श्री शिव पुराण कथा का वाचन करते हुए पं. प्रमेहानंद महाराज ने शिव भक्तों की महिमा सुनाते हुए कहा कि देवी चंच्चुला एवं देवराज नामक ब्राह्मण की कथा सुनाते हुए कहा कि देवराज कुसंग करता था, व्ययसनों का व्यापार करता था लेकिन जब प्रयागराज झूंसी तीर्थ में वह व्यापार करने गया। लेकिन वहां उसने उस तीर्थ में शिव कथा अनजाने में सुनी जिसके कारण वह शिव के लोक में गया। जहां भगवान शिव की कृपा से भगवान भोलेनाथ का गण बन गया। वहीं चंच्चुला शिव कृपा से माता पार्वती की सहेली बनी। श्रावण मास अधिक मास में शिव कथा अमृतत्व के समान मानी गई है। कथा के पूर्व कलश यात्रा निकाली गई जिसमें बडी संख्या में महिलाएं और श्रद्धालुगण शामिल हुए। कलश यात्रा में कथा आयोजक सिर पर शिव महापुराण लेकर चल रहे थे।

# व्यापारी के 9 लाख 40 हजार रुपए लेकर फरार हुए कर्मचारी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



शहर थाना पुलिस ने व्यापारी के लाखों रुपए लेकर फरार होने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उससे 9,40,000 रुपये बरामद किए हैं। शनिवार को पत्रकार वार्ता में एसडीओपी शिखा भलावी और कोतवाली टीआई संजय बेदिया ने बताया कि दिनांक 11.07.2025 को फरियादी हितेश तलरेजा पिता अशोक तलरेजा उम्र 37 वर्ष निवासी नटा पुरा लाल घाटी भोपाल ने अपने कर्मचारी नीरज पिता देवीदीन साहू उम्र 30 वर्ष निवासी ललिता नगर कोलार रोड भोपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह दिनांक 8 जुलाई 2025 को गंजबासौदा से 9,68,700 रुपये कलेक्शन कर बेईमानी पूर्वक अपने कब्जे में रखकर ले गया है। जिस पर पुलिस ने अमानत में खयानत के मामले में आरोपी पर धारा 316(2) बीएनएस का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शहर संजय वेदिया के नेतृत्व में आरोपी की गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीमों द्वारा प्रकरण में आए साक्ष्य तथा मुखबिर की सूचना के आधार पर टोरिया मोहल्ला छतरपुर में दबिश दी गई जहां से आरोपी फरार हो गया। जिस पर आरोपी नीरज पिता देवीदीन साहू उम्र 30 वर्ष को दूसरी टीम द्वारा अन्य स्थान से अभिरक्षा में लिया गया एवं आरोपी ने पूछताछ में अपराध करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से 9,40,000 रुपये बरामद किये गये। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। उपरोक्त कार्रवाई में रतिराम राठौर, हरवेन्द्र सिंह, सतेन्द्र रावत, राहुल सरवैया की विशेष भूमिका रही।

# विधिक साक्षरता शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में शनिवार को उपजेल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन अनुराग द्विवेदी प्रथम जिला न्यायाधीश बासौदा न्यायालय द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश, रावैल कुमार सोनी तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड की उपस्थिति में किया गया। शिविर में बंदियों को सुरक्षा और स्वास्थ्य, कानूनी सहायता, शिक्षा एवं प्रशिक्षण, न्यूनतम मजदूरी, जेल लोक अदालत, संविधान के मूलभूत अधिकार, मूल कर्तव्य, मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों लिए विधिक सेवाएं, निःशुल्क विधिक सहायता, नालसा नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिये विधिक साक्षरता शिविर योजना 2015 नालसा मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियो के लिये विधिक सेवाएं योजना 2015 की जानकारी दी। कार्यक्रम में आलोक भार्गव सहायक जेल अधीक्षक, संजीव कुमार अरोरा एडवोकेट उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संजीव कुमार अरोरा एडवोकेट द्वारा किया गया।

## रामानंदाचार्य परंपरा के जगतगुरु बने डॉ राम कमलाचार्य वेदांती महाराज का नागरिक अभिनंदन

# चार धामों से बढ़कर बासौदा जीता जागता तीर्थ: जगतगुरु डॉ. वेदांती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





चार धामों से बढ़कर बासौदा की यह भूमि किसी तीर्थ से कम नहीं है। यह संतों की भूमि है यहां बाबा जगन्नाथदास जी जैसे तपस्वी सिद्ध पुरुष हुए जिनकी कृपा की बदौलत आज मुझे रामानंद संप्रदाय के जगतगुरु की पदवी मिली। यहां की भूमि में पला बढा जिसने मुझे जीवन दिया इसलिए गंजबासौदा की यह तपोभूमि मेरे लिए चारों धाम से भी बढ़कर है। मैं इस भूमि का ऋण जीवन में कभी नहीं चुका सकता। उक्त उद्गार रामानंदाचार्य संप्रदाय से जगद्गुरु बने नगर के संत डॉ राम कमलाचार्य वेदांती जी महाराज ने मानस भवन में आयोजित हुए सम्मान समारोह में व्यक्त किए।

जगद्गुरु की पदवी से विभूषित होने के बाद डॉ. वेदांती महाराज का शनिवार को यह प्रथम नगर आगमन रहा। क्षेत्रवासियों, सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक संगठनों के द्वारा आयोजित हुए एक गरिमामयी समारोह में उनका नागरिक अभिनंदन किया गया। नगर के 150 से अधिक विभिन्न संगठनों ने जगतगुरु डॉ. वेदांती का स्मृति चिन्ह, शाल श्रीफल और माल्यार्पण से सम्मान किया। अभी हाल ही में प्रयागराज में संपन्न हुए महाकुंभ में देश के धर्माचार्यों, विभिन्न संप्रदायों के अखाड़ों ने नगर के संत और जगन्नाथदास वेदांत संस्कृत विद्यालय आश्रम के संस्थापक डॉ रामकमलाचार्य वेदांती को सनातन धर्म की प्रमुख पीठ रामानंद संप्रदाय में जगद्गुरु की पदवी से विभूषित किया है। काशी से सड़क मार्ग द्वारा शनिवार को डॉ. वेदांती का नगर में प्रथम आगमन हुआ। गंज हनुमान मंदिर पर नगर के श्रद्धालुओं ने उनकी अगवानी की जहां मंदिर के महंत महेश्वर दास त्यागी ने उनका सम्मान किया। इसके पश्चात डॉ. वेदांती अपने गुरु स्थान स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने बाबा जगन्नाथ दास महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज ने उनका हार मालाओं से सम्मान किया।

इसके पश्चात वह जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम पहुंचे जहां से श्रद्धालु उन्हें वाहनों के काफिले के माध्यम से शोभायात्रा के रूप में मानस भवन लेकर पहुंचे। नगर के विभिन्न संगठनों ने उनके सम्मान में विभिन्न चौराहों पर जगह-जगह स्वागत द्वार सजाए थे। रास्ते में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने उनका सम्मान किया। मानस भवन में आयोजित हुए डॉ. वेदांती के सम्मान समारोह में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि नगर के लिए यह सौभाग्य की बात है कि जगतगुरु की पदवी नगर के संत को प्राप्त हुई। गंजबासौदा को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है।

मंच पर संत राम मनोहर दास जी महाराज, आचार्य केशव शास्त्री, कथावाचक देवेंद्र भार्गव, हरिओम शास्त्री, राजाराम दास, पंडित हरिनारायण पाठक विराजमान थे। कार्यक्रम के दौरान डेढ़ सौ से अधिक विभिन्न संगठनों ने स्मृति चिन्ह और हार फूल मालाओं से जगतगुरु डॉ. वेदांती का सम्मान किया। विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि क्षेत्र पर संतों की विशेष कृपा है। डॉ. वेदांती को भी बाबा जगन्नाथदास की कृपा से आज उन्हें जगतगुरु जैसी पदवी प्राप्त हुई। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री वीर सिंह रघुवंशी, नपा में सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, विहिप के पूर्व मंत्री राजेश तिवारी, नागरिक सेवा समिति अध्यक्ष कांति भाई, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष विपिन तिवारी, वेदांत महिला मंडल, रामायण मंडल ट्रस्ट के अध्यक्ष एडवोकेट मदन मोहन तिवारी, विश्व हिंदू परिषद, हिंदू जागरण मंच, प्रेस क्लब गंजबासौदा, वेदांत आश्रम ट्रस्ट घनश्याम दास सुहाने सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे। वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास महाराज ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला, जबकि संचालन गगन दुबे ने किया। वहीं काशी की भजन मंडली ने भजन प्रस्तुति दी।

# 'विद्या दान सबसे बड़ा दान है आईए बनाएं साक्षर भारत'




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय सह समन्वयक व शासकीय अशासकीय शालाओं के प्रधानाध्यापक का एक दिवसीय उन्मुखी कार्यक्रम नवांकुर विद्यापीठ के डॉ. विजय शिरोडकर सभा कक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता की पूजन से हुआ। मुख्य वक्ता वरिष्ठ शिक्षाविद शैलेन्द्र दीक्षित ने कहा शिक्षा दान सभी दानों में श्रेष्ठ है। जीवन में एक निरक्षर को जिसने साक्षर बना दिया उसको मोक्ष मिल गया। शास्त्रों में विद्या दान की अभूतपूर्व महिमा बताई गई है।

भारत सरकार उल्लास साक्षरता कार्यक्रम चलाकर निरक्षर आ साक्षर को 2027 तक साक्षर बनाने का अभियान चला रही है। इससे जुड़कर राष्ट्र सेवा तो करें ही दोनों लोक भी सुधार लें। यह कार्य परम पुण्य का कार्य है, इसलिए सरकार ने इसको निशुल्क स्वयंसेवक रूप मे कराने का निर्णय लिया है। आइऐ हम सब पढ़े लिखे बच्चे, युवा रिटायर्ड सेवक, पढ़ी लिखी माताऐं, बहने अक्षर साथी बनकर भारत को साक्षर भारत सशक्त भारत विकसित भारत बनाऐ। डीपीसी प्रतिनिधि ओम सेन ने उपस्थितजनो का मार्गदर्शन कर सरकार की पूरी योजना की बिन्दुवार जानकारी दी। इस कार्य से अशासकीय शालाओं को जुडने का आह्वान किया। विकास खंड स्त्रोत समन्वयक अफजल हुसैन ने सभी सह समन्वयक से प्रतिदिन कम से कम तीन सामाजिक चेतना केन्द्र के अवलोकन करने व अक्षर साथी तथा अ साक्षर का सर्वे कर संख्या लक्ष्य प्राप्त करने की बात कही। सर्वे न करने वाले या साक्षरता कार्यक्रम में सहयोग न करने वाले शाला प्रभारियों पर कारवाई करने सह समन्वयक से नाम लिखकर देने निर्देश दिऐ। योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने 2027 तक भारत से निरक्षरता का कलंक मिटाकर संपूर्ण भारत को साक्षर भारत सशक्त भारत बनाकर भारत माता को पुनः विश्व गुरू के सिंहासन पर बैठाकर महाशक्ति भारत बनाने अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने प्रदर्शन करने की बात कही। बीआरसी प्रतिनिधि संदीप शर्मा ने सभी को दिऐ गये 2011 की जनगणना के अनुसार निरक्षर को साक्षर बनाने लक्ष्य पूरे करने की बात कही।

बीईओ प्रतिनिधि महेंद्र सिंह रघुवंशी ने अधिकतम अक्षर साथी बनाने की बात कही व घर घर जाकर सर्वे कर साक्षरता परीक्षाओं में बैठाने सहयोग मांगा। इस अवसर पर नीरज तेनगुरिया, जयनारायण शर्मा, भगवती प्रसाद सक्सैना, शिवानी विश्वकर्मा, राखी पंथी, मनोज श्रीवास्तव, संदीप जेटली, विजय शर्मा, गजेंद्र दांगी, भगत सिंह रघुवंशी, मयंक टांक, नीलेश चतुर्वेदी, नारायण शर्मा सहित अनेक सह समन्वयक शाला प्रधानाध्यापक, संचालकगण उपस्थित थे।

## कुशवाह समाज ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा



**त्योंदा।** शनिवार को कुशवाह समाज ने त्योंदा तहसीलदार ऋतु राय को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कुशवाहा धर्मशाला परिसर से अतिक्रमण हटाने एवं बाउंड्री वॉल तोड़ने वालों पर उचित कार्रवाई करने की मांग की गई। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि कुशवाहा समाज की धर्मशाला, जो समाज की सामूहिक संपत्ति है। उसके परिसर में कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है तथा धर्मशाला की बाउंड्री वॉल को जानबूझकर तोड़ा गया है। यह कृत्य समाज की धार्मिक, सांस्कृतिक तथा सामाजिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाला है। जिसको लेकर समाज के नागरिकों में रोष व्याप्त है। ज्ञापन में उक्त अतिक्रमण की तत्काल जांच किए जाने, बाउंड्री वॉल तोड़ने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने, धर्मशाला परिसर को सुरक्षित रखने हेतु उचित सीमांकन व बाउंड्री निर्माण की व्यवस्था करने की मांग की गई।

# विद्युत वितरण कंपनी के लापरवाह रवैये से बछिया की मौत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विद्युत वितरण कंपनी की लापरवाही से बरेठ रोड नया बस स्टैंड मार्ग पर सड़क किनारे लगे विद्युत ट्रांसफार्मर में जमीन में करंट उतरने से एक बछिया की मौत हो गई। आसपास के दुकानदारों ने बताया कि इस विद्युत ट्रांसफार्मर से कभी भी चिंगारियां निकलने लगती हैं एवं धुआं निकलने लगता है जिसकी वह कई बार विद्युत कंपनी में शिकायत कर चुके हैं। शुक्रवार को भी ट्रांसफार्मर के आसपास जमीन में से धुंआ उठ रहा था लेकिन लापरवाह कर्मचारियों ने इस ओर ध्यान नही दिया। जिससे शनिवार को सुबह के समय एक बछिया की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। इस दौरान घटना स्थल पर दुकानदारों एवं राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई। जो अपना गुस्सा विद्युत कंपनी के लापरवाह रवैया पर उतार रहे थे। जिसकी सूचना मिलने पर विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विद्युतकर्मी को मौके पर भेजा गया। जिसने विद्युत खंभे के आसपास विद्युत लाइन को दुरुस्त किया।

### वेदांत आश्रम में पार्थिव शिवलिंग निर्माण शुरु

# श्रावण मास में होगा पार्थिव शिवलिंग निर्माण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भगवान शिव को अति प्रिय श्रावण मास शुक्रवार से प्रारंभ हो गया है। श्रावण मास के प्रथम दिन शिव मंदिरों में पूजन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ती हुई दिखाई दी।

जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम में भी सावन के प्रथम दिन पार्थिव शिवलिंग निर्माण के साथ काशी बनारस के वेदाचार्यों द्वारा शिवार्चन किया गया। पूरे श्रावण मास में आश्रम में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण प्रतिदिन अलग-अलग यजमानों के द्वारा किया जाएगा। वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास महाराज ने बताया कि सावन मास भगवान शिव के साथ-साथ उनके भक्तों को भी अति प्रिय है। शास्त्रों में श्रावण मास में श्रद्धा भक्ति भाव और आस्था से की गई भगवान शिव की पूजा कई गुना फलदायक बताई गई है। पूरे श्रावण मास में प्रतिदिन आश्रम के विद्यार्थियों द्वारा सुंदर पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया जाएगा। जिनका अलग-अलग यजमानों द्वारा अभिषेक पूजन होगा।

शुक्रवार से प्रारंभ हुए श्रावण के प्रथम दिन ग्राम मूड़रा निवासी नारायण सिंह रघुवंशी एवं कैलाश रघुवंशी द्वारा सपत्नीक पार्थिव शिवलिंग की पूजन कर भगवान का रुद्राभिषेक किया। आश्रम के संस्कृत विद्यालय में अध्यापन कराने वाले बनारस से आए वेदाचार्य शिवशंकर पांडेय एवं डॉ शुभम शर्मा के आचार्यत्व में शिवपूजन संपन्न हुआ। रुद्राभिषेक के दौरान आश्रम के विद्यार्थियों ने एक स्वर में रुद्री का पाठ किया। महंत हरिहरदास महाराज ने बताया कि श्रावण मास में कोई भी शिव सनातन प्रेमी पार्थिव शिवलिंग का निर्माण करा सकता है। साथ ही जो श्रद्धालु संत, विद्यार्थी सेवा, गौ सेवा और भंडारा, आयोजित कराना चाहता है वह भी करा सकता है।

# नगर में कई घंटों तक हुई बारिश



**गंजबासौदा।** शुक्रवार को शाम से नगर में बारिश दौर शुरु हुआ जो रुक रुककर शनिवार को दोपहर तक चलता रहा। कभी तेज तो कभी हल्की बारिश होने से सड़कों पर बारिश का पानी एकत्रित हो गया वहीं मौसम में ठंडक घुल गई। यहां उल्लेखनीय है कि इलाके भर में रुक रुक कर हो रही लगातार बारिश खरीफ फसलों के लिए बहुत फायदेमंद हैं। किसानों का कहना है बारिश से खरीफ फसल की ग्रोथ बढ़ेगी एवं पैदावार अच्छी होगी। इन दिनों अनेक किसान अपनी खरीफ फसलों सोयाबीन, उड़द आदि में कचरे की दवाई का छिड़काव कर रहे हैं। जिससे की आगामी समय में फसलों में कचरा न उठे। वहीं सोयाबीन की पहली बोवनी खराब होने से परेशान किसान बारिश थमने और मौसम साफ होने का इंतजार कर रहे हैं, ताकि दोबारा बोवनी कर सकें।

# वाचनालय में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया




**गंज बासौदा।** शहर वाचनालय में पाठक संघ के तत्वावधान में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि 11 जुलाई 1987 को दुनिया की जनसंख्या 5 अरब हो गई थी। पूरी दुनिया के लिए तेजी से बढ़ती आबादी चिंता का कारण थी। यूनाइटेड नेशंस ने बढ़ती आबादी को काबू करने एवं परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए 11 जुलाई 1989 को एक कार्यक्रम आयोजित किया था, जिसमें पहली बार विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। अगले साल यूनाइटेड नेशंस ने इस दिन को हर साल मनाने की घोषणा की और 1990 में 90 से ज्यादा देशों में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। तब से हर साल दुनिया भर में अलग-अलग देश में इस दिन को मनाते आ रहे हैं, हर साल अलग-अलग थीम पर इस दिन को मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम युवाओं को एक निष्पक्ष और आशापूर्णा विश्व में अपने मनचाहे परिवार बनाने के लिए सशक्त बनाना है। कार्यक्रम के अंत में वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर दिलीप देसाई, विजय अरोरा, सोडू भाई, नंदकिशोर सोनी, कैलाश नेमा, टीपू सोलंकी, मोहन सैनी सहित अनेक पाठकगण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### यातायात पुलिस ने स्कूल में की स्कूली वाहनों के खिलाफ कार्रवाई

**सिरोंज।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकप्रशांत चौबे,नगर पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी रीतेश बघेला द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन कर रहे स्कूली एवं यात्री वाहनों के विरुद्ध एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विशेष अभियान के अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा लगभग 10 स्कूल वेन एवं 15 ऑटो रिक्शा वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान दस्तावेजों में अनियमितता, सुरक्षा उपकरणों की कमी तथा ओवरलोडिंग जैसी गंभीर कमियाँ पाई गईं। तो वही 16 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई,उक्त कार्रवाई के तहत कुल 7400 रूपये का शमन शुल्क वसूलते हुए संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई एवं सभी वाहन चालको को हिदायत दी गई कि वह वाहन संबंधी कागजात रजिस्ट्रेशन लाइसेंस बीमा फिटनेस परमिट पीयूसी इत्यादि पूर्ण रखे, ओवरलोड सवारी न बैठाए, वाहन चलाते समय शराब का सेवन या मोबाइल पर बात ना करें, वाहन तेज गति में न चलाए, वाहन में इमर्जेंसी विंडो, मेडिकल बॉक्स, अग्निशमन यंत्र सही हो, वाहन के ब्रेक सही काम कर रहे हो इत्यादि यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। यातायात प्रभारी श्री बघेला ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य स्कूल कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चों, उनके माता पिता, वाहन चालक,स्कूल कॉलेज स्टॉफ में यातायात नियमों एवं कागजात पूर्ण रखने एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम करना एवं जनहानि को न्यूनतम करना है। भविष्य में चैकिंग जारी रहेगी।

# भगवान के नाम का स्मरण करने वालों का स्वयं भगवान कल्याण करते हैंः कथाव्यास

## सांसद डॉ लता बानखेडे के यहां श्री महारूद्र यज्ञ शिवलिंग निर्माण एवं शिव महापुराण सत्संग कथा शुरू





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

सागर सिरोंज संसदीय क्षेत्रीय सासंद डॉ लता बानखेडे द्वारा 12 से 14 जुलाई तक वैदिक वाटिया मकरोनिया में कराया जा रहा। श्री महारूद्र यज्ञ शिवलिंग निर्माण एवं शिव महापुराण सत्संग कथा के पहले दिन भगवान शिव की महिमा का वर्णन करते हुए संत श्री केशव गिरी महाराज ने कहा कि भगवान को जो चाहे वह साधु और जिसको भगवान चाहे वह संत है। इस मौके पर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री नरयावली विधायक जिला पंचायत अध्यक्ष,जिला भाजपा अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने कथा का श्रवण कर महाराज से आशीर्वाद लिया।

### पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं शिव महापुराण कथा का भव्य शुभारंभ

सांसद डॉ लता गुड्डू वानखेड़े द्वारा वैदिक वाटिका मकरोनिया में आयोजित श्री रुद्र महायज्ञए असंख्य शिवलिंग निर्माण एवं श्री शिव महापुराण सत्संग का आयोजन अत्यंत भव्य रूप में प्रारंभ हुआ। इस पावन अवसर पर परम पूज्य संत श्री केशव गिरी महाराज के पावन सानिध्य में यह धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हो रहा है। कथा के प्रथम दिन पूज्य संत श्री केशव गिरी महाराज ने अपने अमृत वचनों में कहा कि कथा रूपी गंगा के बहुत सुंदर और मानव कल्याण के घाट है भक्ति का घाटए ज्ञान का घाटए वैराग्य का घाट तप का घाट है और इन घाटों पर जाकर गंगा में गोते लगाने से हम मनुष्यों को धर्म अर्थ काम व मोक्ष की प्राप्ति होती है। कथा प्रसंग में उन्होंने पवित्र गंगा स्नान का महत्व बताते हुए कहा कि यदि व्यक्ति में भगवान शिव के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा हो तो उसके दान.पुण्य के सभी कर्म सफल हो जाते हैं। शिव महापुराण की यह अमूल्य कथा स्वयं भोलेनाथ ने नंदी महाराज को सुनाई। नंदी से सनकादिक ऋषियों ने व्यास जी को फिर सूतजी और फिर सूतजी ने यह कथा नैमिशारण्य में सौनकादि ऋषियों को सुनाई।

### शिवलिंग निर्माण के साथ धर्म और श्रद्धा का संगम

शिव महापुराण कथा के शुभारंभ से पूर्व पूज्य संत केशव गिरी जी महाराज,सागर सांसद डॉ लता गुड्डू वानखेड़े,पूर्व मंत्री राम खिलावन पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुजनों ने सामूहिक रूप से शिवलिंग निर्माण में भाग लिया। मंत्रोच्चार एवं वैदिक विधि के साथ असंख्य शिवलिंगों का निर्माण किया गया। जिनका अभिषेक पूज्य महाराज द्वारा कराया गया। इसके उपरांत श्रद्धालुओं ने उन शिवलिंगों को अपने सिर पर धारण कर श्रद्धाभाव से विसर्जन हेतु रवाना किया। इस पावन आयोजन में विशेष रूप से मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह,नरयावली विधायक प्रदीप लारिया,पूर्व मंत्री रामखिलावन पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत,भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती संध्या भार्गव,पूर्व जिलाध्यक्ष हरिराम सिंह ठाकुर,जाहर सिंह,सुखदेव मिश्र,वीरेंद्र पाठक,रामेश्वर नामदेव,निकेश गुप्ता,उमेश सिंह केवलारी,विजय गोतम,शिवकुमार यादव,संतोष ठाकुर,नंदू वाल्मीकि,बलराम तिवारी,राजकुमार बाथरे,सुनील शिंदे,हरिहर मिश्रा,रवि ठाकुर आदि ने धर्म लाभ अर्जित किया।

### भगवान शिव की जीवंत झांकी एवं नृत्य-नाटिका का भव्य आयोजन

*कथा के प्रारंभ में कथा के यजमान गुड्डू वानखेड़ेए डॉ‌ॅन लता वानखेड़े एवं उनके पुत्र वैदिक वानखेड़े द्वारा पूज्य महाराज को व्यास गद्दी पर विराजमान कराया गया। तत्पश्चात महाराज जी आरती कर व्यासपीठ से कथा का शुभारंभ हुआ। जिसमें अमृत तुल्य वाणी से भगवान शिव की लीला और कृपा की व्याख्या हुई। सांस्कृतिक प्रस्तुति एवं श्रद्धा भाव का अद्वितीय समर्पण कथा के प्रारंभ में भगवान शिव की जीवंत झांकी एवं नृत्य.नाटिका का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों ने शिव की महिमा और तांडव की गाथा को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया। इस सुंदर झांकी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव.विभोर कर दिया और वातावरण शिवमय हो उठा। उल्लेखनीय है कि इस आयोजन में कई श्रद्धालुओं ने अपने पूर्वजों की स्मृति में सेवा और दान का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। तो वही गुड्डू वानखेड़े,राजा रिछारिया,अखिलेश गौर,रितेश तिवारी,जीतू खटीक आदि ने अपने पूर्वजों व माता.पिता की पुण्य स्मृति में शिवलिंग निर्माण हेतु आवश्यक कोपर महंत जी को समर्पित किए।*

# गायत्री परिवार संचालित बाल संस्कार शाला का कुंडीय यज्ञ का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर के संस्कार गार्डन में अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा 19 मई से संचालित बाल संस्कार शाला का एक कुण्डीय यज्ञ के साथ संपन्न हुई। इस एक कुण्डीय यज्ञ के मुख्य यजमान नीरज शर्मा एवं उनकी धर्म पत्नी रहीं। यज्ञ में बाल संस्कार शाला के बच्चों ने भी अपनी अपनी आहुतियां डाली। इस बाल संस्कार शाला में लगभग 30 बच्चों ने भाग लिया। बाल संस्कार शाला में सनातन धर्म के संस्कार, हमारी संस्कृति और महापुरुषों के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। यह संस्कार शाला प्रतिदिन सुबह शाम लगाई गई।

इस बाल संस्कार शाला को पालीटेक्निक महाविद्यालय में व्याख्याता के पद पर पदस्थ डॉ श्रीमति नीति टंडन ने नियमित रुप से संचालित की । तो वही समापन अवसर पर एक कुण्डीय यज्ञ को विदिशा से पधारी बहनों विजया श्रीवास्तव, संध्या कपूर एवं गीता श्रीवास्तव की टोली ने संपन्न कराया।

यज्ञ समापन पर संस्कार शाला में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गए। इसों गायत्री परिवार जिला संगठन ने संस्कार शाला की संचालक डा नीति टंडन को एक प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसमें गायत्री परिवार के जिला समन्वयक मुकेश तिवारी, सिरोंज तहसील प्रभारी बृजेन्द्र रघुवंशी, संजय भार्गव, बुंदेल सिंह कुशवाहा, सांदीपनी विद्यालय के प्राचार्य महेश ताम्रकार, चक्रेश श्रीवास्तव, शिक्षक शरद श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।



# चंद घंटों की बारिश से ही ग्रामीण क्षेत्रों की नदियां उफान पर

## शहर की सड़कों पर पानी भरने से नदी नालों में तब्दील हुईं सड़कें

**सिरोंज।** क्षेत्र में विगत एक सप्ताह से रिमझिम बारिश का दौर जारी है। तो वही रूक-रूक कर हो रही बारिश के कारण नागरिको को गर्मी से राहत मिली है और मौसम में भी पूरी तरह घुल गई है। तो वही शुक्रवार-शनिवार की रात्रि हुई तेज बारिश ने शहर को जलमगन कर दिया। यदि ग्रामीण क्षेत्रो की बात की जाए तो अधिकांश क्षेत्र में कुछ ही घण्टो की बारिश से नदी नाले उफान पर देखे गए। साथ ही पुल के उपर से पानी बहने से ग्रामीणो को एक तरफ से दूसरी तरफ जाने के लिए रस्सी का सहारा लेना पडा। जगह जगह पानी भराने से क्षेत्र के कई रास्ते भी बंद नजर आए और आवागमन के लिए नागरिको का काफी परेशानियो का सामना करना पडा। हल्की बारिश से पानी-पानी हो जाता है शहर - यदि सिरोंज की बात की जाए तो शहर के कई ऐसे वार्ड है जहा कुछ मिनटो की तेज बारिश में ही सडक नदियों में तब्दील हो जाता है। यदि यह तेज बारिश घण्टो तक जारी रहती है तो बारिश का पानी नागरिको के घरो में घुस जाता है। जिससे आम नागरिको को काफी परेशानियो का सामना करना पडता है। तो वही नगर के बडा पुरा,कष्टम पथ,नया पुरा,तलैया मोहल्ला, इन स्थानों पर हल्की बारिष होने से ही जलभराव हो जाता है। साथ ही नगर की



# कॉलेज में द्वितीय पैरासाइटोलॉजी कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया




हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा प्रादेशिक द्वितीय पैरासाइटोलॉजी कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इसमें 100 से अधिक माइक्रोबायोलॉजिस्ट शामिल हुए।

16 डॉक्टरों ने अपने शोध प्रस्तुत किए और 5 विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए। कोलकाता एम्स की डॉ उज्जवला घोषाल ने अंतो के पेरासाइट पर, पांडुचेरी के डॉ एससी परिजा और सागर के डॉ सुमित रावत ने जांच की नई विधियों पर और रांची के डॉ मनोज कुमार ने सामान्य पेरासाइट की जांच पर वक्तव्य दिया। जबलपुर की डॉ रीति जैन ने मलेरिया के उपचार व बचाव पर चर्चा की। 30 से अधिक पीजी छात्रों ने मौखिक और पोस्टर प्रस्तुतियां दीं। जिसमें डॉ ममता मीना ने मौखिक और डॉ आयुषी आयुजा ने पोस्टर में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

एम्स भोपाल के डॉ नवीन कावरे द्वारा आयोजित पीजी क्विज में डॉ मोहन धाकड़ विजेता रहे। डीन डॉ मनीष निगम ने दूरदराज से आए सभी डॉक्टरों की सराहना की। अध्यक्ष डॉ अविनाश लाघवे ने सम्मेलन को सफल बताया। संचालन डॉ दीपशिखा साहू, डॉ वेदत्रि श्रीवास्तव और एमबीबीएस छात्रों ने किया। सचिव डॉ आरती जैन ने आभार व्यक्त किया।

# कुश जन्मोत्सव को लेकर हुई जिला स्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

त्यौदा में अखिल भारतीय कुशवाह महासभा की जिला स्तरीय बैठक हुई। बैठक में आगामी कुश जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में कुश कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाह मौजूद रहे। संगठनात्मक मजबूती पर चर्चा करते हुए महिला मोर्चा की ज़िलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दीपा कुशवाह को सौंपी गई। साथ ही तहसील ग्यारसपुर के लिए कार्यकारिणी अध्यक्ष के रूप में वीरेंद्र कुशवाहा को मनोनीत किया गया। बैठक में कुश समाज के सामाजिक एकता, शिक्षा, रोजगार और समाजिक उत्थान जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया।




कुश जन्मोत्सव को भव्य रूप से मनाने समितियों का गठन किया गया। कुश कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष ने बैठक में कहा 10 से 24 अगस्त तक जिले में कुशवाह समाज के आराध्य देव कुश भगवान का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन कैलाश कुशवाहा ने कुशलता से किया गया और अंत में सभी समाजबंधुओं ने एकजुट होकर समाज हित में कार्य करने का संकल्प लिया।

### संस्कृत गौरव दिवस को लेकर हुई बैठक

**विदिशा।** विगत दिनों राधिका रेस्टोरेंट में कालिदास संस्कृत अकादमी के निदेशक डॉ गोविंद गंधे के मुख्य आतिथ्य में संस्कृत गौरव दिवस को लेकर बैठक हुई। इस वर्ष संस्कृत गौरव दिवस का आयोजन 20-21 अगस्त को संकल्पित है। संस्कृत गौरव दिवस का यह आयोजन महर्षि पतंजलि के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर केंद्रित होता है। देश भर के संस्कृत विद्वानों और विदिशा के विद्वानों से रिसर्च पेपर आमंत्रित करन के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी की जाती है।

### विद्यालय परिसर में मिलकर किया पौधरोपण

**शमशाबाद।** शासकीय पीएमश्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। शाला परिवार ने छात्राओं के साथ मिलकर पौधे लगाए। प्राचार्य संजेश किरार ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान केवल पर्यावरण की चिंता नहीं, बल्कि हमारी मातृभूमि और माता के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है। उन्होंने सभी छात्राओं से आह्वान किया कि वे भी अपनी मां के नाम पर अपने घरों में एक पौधा लगाएं और उसे सुरक्षित बड़ा करने का संकल्प लें। इस अवसर शिक्षक मांगीलाल माहेश्वरी, कमलेश सेन, तनु साहू सहित स्कूली छात्राओं के साथ शिक्षक उपस्थित रहे।



### 291 बीएलओ और 29 सुपरवाइजर को दिया प्रशिक्षण

**कुरवाई।** संदीपनि विद्यालय कुरवाई में विधानसभा क्षेत्र कुरवाई के बीएलओ एवं सुपरवाइजर के तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण 9 से 11 जुलाई तक चला। प्रशिक्षण में कुल 291 बीएलओ एवं 29 सुपरवाइजर ने भाग लिया। मास्टर ट्रेनर्स ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन के फॉर्म भरने का अभ्यास करवाया और घर-घर सर्वे के दौरान वेशभूषा, व्यवहार और संवाद कौशल पर रोल प्ले कराया। प्रशिक्षण के अंत में आयोग की लिंक पर 30 प्रश्नों का मूल्यांकन भी हुआ। एसडीएम नितिन कुमार जैन ने मतदाता सूची को सही व त्रुटिरहित रखने की अपील की।



# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वर्ल्ड वे स्कूल में लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुलाबगंज

वर्ल्ड वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गुलाबगंज में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पौधारोपण किया और उसकी देखरेख का संकल्प लिया। कार्यक्रम में स्कूल डायरेक्टर दानिश जाफ़री, प्रिंसिपल अजय कुमार दास, शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

डायरेक्टर दानिश जाफरी ने कहा कि "एक पेड़ मां के नाम" अभियान हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति सम्मान और समर्पण का प्रतीक है। इसका उद्देश्य मां के नाम पर एक पेड़ लगाकर एक स्थायी स्मृति बनाना है, जो पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ हरियाली और समृद्धि बढ़ाने में योगदान देगा। उन्होंने सभी से इस अभियान का हिस्सा बनकर अपनी मां के नाम पर एक अविस्मरणीय स्मृति स्वरूप पेड़ लगाने का आग्रह किया।




प्रिंसिपल अजय कुमार दास ने कहा कि यह अभियान एक जन आंदोलन का रूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि हम सभी ने यह संकल्प लिया है कि इन पौधों की देखरेख विद्यालय में अध्ययन के दौरान ही नहीं बल्कि जीवनभर करते रहेंगे, चाहे हम पढ़ाई जारी रखें या किसी सेवा या अन्य कार्य में रहें, पर्यावरण सुरक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते रहेंगे।

# 433 कुपोषित बच्चों को मिली पोषण संजीवनी किट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के संकल्प के तहत कुरवाई क्षेत्र में विशेष पोषण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा क्षेत्र के 433 कुपोषित बच्चों को पोषण संजीवनी किट वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे ने स्वयं बच्चों को किट सौंपी।

विधायक सप्रे ने कहा कि पोषण संजीवनी किट क्षेत्र के बच्चों के लिए संजीवनी साबित होगी और इसके माध्यम से हम सब मिलकर कुपोषण को जड़ से समाप्त कर सकते हैं। उन्होंने उपस्थित माताओं,



अभिभावकों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बच्चों के पोषण में कोई कमी न आने दें। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों और मजबूत इच्छाशक्ति से ही कुपोषण पर पूरी तरह विजय प्राप्त की जा सकती है। विधायक ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से अपेक्षा जताई कि वे अपने क्षेत्र में पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से कार्य करें तथा यह सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा कुपोषित न रहे। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा हर बच्चे को स्वस्थ और सुपोषित बनाना है।

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री वंशीलाल कुशवाह पुत्र श्री मोतीलाल कुशवाह जाति-कुशवाह, निवासी-तोपपुरा माता वाली गली विदिशा, तहसील व जिला विदिशा म.प्र. के स्वत्व व आधिपत्य की भूमि ग्राम कस्बा विदिशा प.ह. नम्बर 60 नया 02, वार्ड नम्बर 01 वाटर वर्क्स रोड, अंदर सीमा नगर पालिका विदिशा, तहसील व जिला विदिशा म.प्र. में स्थित भूमि सर्वे नम्बर 5/1 रकवा 0.052 हे. भूमि एवं 9/3 रकवा 0.355 हे. भूमि एवं 228/1 रकवा 0.021 हे. भूमि एवं भूमि सर्वे नम्बर 229/2/2 रकवा 0.052 हे. भूमि कुल किता 04 कुल रकवा 0.480 हे. भूमि, जिसमें एक मंजिला पक्का आर.सी.सी. निर्मित मकान क्षेत्रफल 900 वर्गफिट सहित, जिसकी चतुरसीमायें पूर्व में: मल्लू सिंह कुशवाह की भूमि, पश्चिम में -विनोद सोनकर की भूमि, उत्तर में -बेतवा नदी, दक्षिण में-वाटर वर्क्स मेन रोड है, उक्त भूमि, मकान सहित को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का लिखित अनुबंध किया है, तथा बयाना राशि अदा कर दी है, उक्त अनुबंध के पालन में शीघ्र रजिस्टर्ड विक्रय पत्र निष्पादित कराना है। यदि किसी व्यक्ति साहूकार, संस्था, सोसाइटी राष्ट्रीयकृत बैंक, प्राइवेट बैंक, अर्द्धशासकीय बैंक या शासकीय सहकारी समिति एवं अन्य किसी का उक्त भूमि एवं मकान सहित पर किसी प्रकार का कोई ऋण, भार-प्रभार हो, अथवा अनुबंधित भूमि एवं मकान कहीं रहन, बंधक, विक्रय हो अथवा किसी भी प्रकार का हक दस्तावेज हो या कोई दखल रखता हो, अथवा उक्त अनुबंध के संबंध में अन्य कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय असल दस्तावेज के आकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि उपरांत मेरा पक्षकार रजिस्टर्ड विक्रय पत्र सम्पादित करा लेगा। तथा उसके उपरांत कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

भवदीय सुनील अहिरवार एडवोकेट मकान नम्बर ई-20, श्री बालाजी आर्किड कॉलोनी विदिशा म.प्र.।
मोबा:-9425687534, 8982621612

### कार्यालय तहसीलदार/अनु. अधि. नजूल अधि. न्यायालय तहसीलदार, तहसील शमशाबाद, ज़िला विदिशा म.प्र. (श्री दीपक कुमार द्विवेदी) जिला: विदिशा

क्रमांक:0001/अ-20(5)/2025-26 / रीडर / प्र.क्र.: दिनांक: 15/07/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम शमशाबाद तहसील शमशाबाद जिला विदिशा की शासकीय नजूल भूमि सर्वे नंबर 06, रकवा 2.5000, में से 2.5000, हैं। भूमि Nagar Parishad Shamshabad को भूमि आवंटन हेतु आवेदन हेतु आवंटित किये जाने का आवेदन विचारार्थ लिया गया हैं। उक्त आवंटन में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस इश्तेहार जारी होने के दिनांक से प्रकरण में नियत आगामी (कम से कम 15 दिवस उपरांत) दिनांक 15/07/2025 के पूर्व अथवा उक्त दिनांक को अपनी आपत्ति ऑनलाइन अथवा लिखित रूप से न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्रस्तुत आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 08/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी किया गया हैं।

तहसीलदार/अनुविभागीय अधि. नजूल अधि.
न्यायालय तहसीलदार, तहसील शमशाबाद, ज़िला विदिशा म.प्र.
(श्री दीपक कुमार द्विवेदी)

विदिशा जिले का एक मात्र संस्थान जिसमें है।
मध्यभारत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट
BA-LLB (Hons) — 5 Years Integrated Course (After 12th)
LLB — 3 Years Course (After Graduation)
D.Pharma — 2 Years Course (After 12th Math, Bio)
प्रवेश प्रारंभ अधिवक्ता एवं जज बनने का सपना साकार करें।
कॉर्पोरेट ऑफिस : जवाहर लाल नेहरू कॉलेज, रामद्वारा, विदिशा (म.प्र.)
9827011587, 9827796812, 07592-470255, 471025
संचालक मज़हर अली जाफरी

BETWANCHAL GROUP OF INSTITUTIONS
Approved by : AICTE & PCI
Affiliated by : RGPV & Barkatullah University
ADMISSION OPEN
MBA (HR.Marketing, Finance) Duration-2 year Affilizindia: AICTE & Barkatullah University | BBA Duration-3 year affillzindia : barkatullah University | BA Duration-3 year Amliated to: barkatullah University | BSC Duration 3 year Affiliated to: barkatullah University | B.COM Duration-3 year Amliated to: barkatullah University | ITI Fitter Copa Affiliated to NCVT | B. Pharma Duration-4 year (Approved By : PCI) Amlited to: RGPV | D. Pharma Duration-2 year (Approved By : PCI) Amlited to: RGPV
Add : NH-146, Village Madipur, Block Gulabganj, Distt. Vidisha City Add : NH-86, Vaishali Viharm Sagar Road, Vidisha
Mob.: 07592-447549, 9755550416

बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल से संबंद्धता एवं उच्च शिक्षा से मान्यता प्राप्त
CIST COLLEGE • ALWAYS AHEAD •
CIST COLLEGE
E-pravesh code : P634
ADMISSION OPEN
B.B.A. PGDCA
CIST College Near Water Tank, Arihant Vihar, Vidisha (M.P.) | 07592-403481, 796042, 9893708149

**खबर संक्षेप**

### तेज रफ्तार कंटेनर ने युवक को कुचला, मौत

**रायसेन।** जिले के औबेदुल्लागंज के तहत धाकड़ मैरिज गार्डन के सामने तेज रफ्तार से दौड़ रहे एक कंटेनर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाकर सड़क पर बाइक से चल रहे युवक को कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर मामला विवेचना में लिया है। यह घटना बीती शाम लगभग साढ़े 7 बजे की बताई जा रही है। सड़क एक्सीडेंट इतना जबरदस्त था कि कंटेनर क्रमांक एमपी 09-एच 5504 के ड्राइवर ने बाइक सवार चालक की खोपड़ी को रौंद दिया था, जबकि बाइक पर सवार दूसरे युवक को भी चोटें आईं हैं।

### धूमधाम से मनेगा क्षेत्रीय विधायक का जन्मदिन

**रायसेन।** प्रदेश के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं सांची सीट के वरिष्ठ विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी का



जन्मदिन 15 जुलाई मंगलवार को धार्मिक कार्यक्रमों, गरीब दीन हीनों की सेवाभाव के बीच धूमधाम से मनाया जाएगा। विधायक डॉ चौधरी के जन्मदिवस पर सुंदरकांड पाठ एवं प्रसादी वितरण किया जाएगा। सुंदरकांड पाठ का आयोजन श्रीराम परिसर में होगा। जिपं अध्यक्ष यशवंत बब्लू मीणा, ब्रजेश चतुर्वेदी, मनोज अग्रवाल, विजय पटेल, रेवाराम पप्पू अहिरवार, सविता जमना सेन ने शामिल होने की अपील की है।

## गिरते शिक्षा के स्तर को सुधारने की महती आवश्यकता

**हालात : ऐसी स्थिति में हर साल बिगड़ता है स्कूलों का 'रिजल्ट'**

# प्रभारी प्राचार्यों के भरोसे जिले के हाई व हायर सेकंडरी स्कूल

◆ *विभागीय अधिकारियों का दावा, प्राचार्य विहीन स्कूलों में जल्द कराएंगे प्राचार्यों की पद स्थापना*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले में हाई स्कूल और हायर सेकंडरी स्कूल प्रभारी प्राचार्यों के भरोसे ही संचालित हो रहे हैं। जिसका खामियाजा विद्यार्थियों को खराब रिजल्ट के रूप में भुगतना पड़ रहा है। यदि आंकड़ों की बात करें तो रायसेन जिले में 115 शासकीय हाई स्कूल हैं। इनमें 15 पद प्राचार्य के भरे हुए है तथा 100 पद खाली है। हायर सेकंडरी स्कूलों की संख्या 69 है। हायर सेकंडरी स्कूलों में कुल 12 फुलफ्रेश ही प्राचार्य पदस्थ है। 57 प्रभारी प्राचार्यों के भरोसे हायर सेकंडरी स्कूल चल रहे हैं। 100 प्राचार्यों के पद हाई स्कूलों में रिक्त पड़े हैं।

सहायक संचालक शिक्षा सुश्री मोनिका पटेल द्वारा बताया गया है कि 37 व्याख्याताओं को पदोन्नति देकर प्रभारी प्राचार्य बनाया गया है। इस प्रकार अधिकांश स्कूल प्रभारी प्राचार्य के भरोसे ही चल रहे हैं। रायसेन जिले में शिक्षा का स्तर लगातार गिरता जा रहा है, जिसका प्रमुख कारण यहां की शिक्षा व्यवस्था को संभालने वाले सभी प्रभारी है। चंद स्कूलों को छोड़ दें तो वे ही जो पूर्णकालिक प्राचार्य स्कूल को चला रहे हैं।

### सिस्टम में सुधार की जरूरत

यदि आंकड़ों की बात करें तो जिले में कुल हाई स्कूल और हायर सेकंडरी स्कूलों की संख्या 184 है। ऐसी स्थिति में प्राचार्य ऐसे हैं जो पूर्णकालिक हैं यानी फुल फ्लैश है या पदोन्नत है। शेष हाई स्कूल और शासकीय हासे स्कूल ऐसे हैं जहां या तो किसी शिक्षक के भरोसे या प्रभारी प्राचार्य के भरोसे स्कूल चल रहे हैं और जब इस तरह का कोई प्रभारी प्राचार्य स्कूल को चलाता है तो उसे अपने साथियों की ज्यादा चिंता होती है वह अपने साथियों के खिलाफ कोई कड़ा कदम नहीं उठाता। जिससे स्कूल में अनुशासनहीनता के साथ-साथ अव्यवस्थाएं पनपती है और जिसका जिम्मेदार केवल और केवल प्रभारी प्राचार्य होता है।




### पूर्णकालिक प्राचार्यों की हो पदस्थापना

*यदि ऐसा ही रहा तो जिले में स्कूल की शिक्षा का स्तर और भी गिरता जाएगा। यही कारण है कि पहले पूर्णकालिक प्राचार्य स्कूल चलाते थे। तब प्रदेश के प्रावीण्य सूची में रायसेन जिले के विद्यार्थियों के नाम हुआ करते थे। किंतु प्रभारी प्राचार्यों के हाथ में बागडोर आने से अब ना तो शाला के शिक्षक कंट्रोल में है और ना ही छात्र-छात्राएं, जिससे परीक्षा परिणाम तो बिगड़ा ही है, लेकिन शाला में शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति भी कम होने लगी है और जिसका खामियाजा सीधे विद्यार्थियों को ही भुगतना पड़ रहा है।*

### रियलिटी जब चैक की तो खुली सिस्टम की पोल

*जब हमारी मीडिया कर्मियों की टीम ने ग्राउंड स्तर पर रियलिटी चेक करना चाहा तो और कुछ शिक्षकों जो की प्रभारी प्राचार्य है। कुछ हाई स्कूल, हायर सेकंडरी स्कूल प्रभारी प्राचार्य है उनसे चर्चा की तो उनका यह मानना है कि यदि युवा प्रभारी शिक्षक के हाथों में बागडोर सौंपी जाए तो परीक्षा परिणाम में सुधार के साथ-साथ स्कूल का विकास होता है। तो वहीं उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल रायसेन के प्राचार्य से चर्चा की तो उनका मानना है कि मेरे पास दो विद्यालयों का प्रभार है, जिससे मुश्किल तो होती है। किंतु मेरे अथक प्रयासों से परीक्षा परिणाम अच्छा लाने का प्रयास करती हूं। वहीं इस पूरे मामले में कुल मिलाकर निर्णय यहीं निकलता है कि यदि जिला शिक्षा विभाग में सिस्टम को नहीं बदल गया तो आने वाला भविष्य इन नौनिहालों के लिए अंधकारमय हो सकता है। अंधकारमय होने के पहले ही शिक्षा विभाग ने अपना सिस्टम प्रभारी के भरोसे चलने वाला बदल लेना चाहिए।*

**इनका कहना है**

इस साल जल्द ही शासकीय हाई स्कूल और हायर सेकंडरी स्कूलों 2 में फुलफ्रेश प्राचार्यों की पदस्थापना की जाएगी। ताकि इन स्कूलों में शिक्षा के स्तर में सुधार किया जा सके। लेक्चररों को भी प्रमोशन दिया गया है।

- **डीडी रजक,** डीईओ रायसेन।

**अधूरी सीवेज लाइन से निकल रहा पानी**

## सड़क पर बह रहा गंदा पानी राहगीरों के लिए बना परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांची



नगर में अधूरी सीवेज पाइप लाइन से बहते गंदे पानी के कारण राहगीर परेशान है। बदबूदार पानी से रहवासी परेशान हो रहे है। नगर में हो रहे निर्माण कार्यों की धीरे-धीरे पोल खुलती हुई नजर आ रही है। नगर में करोड़ों रुपए खर्च कर के एनएच द्वारा किए गए कई निर्माण कार्य बेरंग नजर आ रहे हैं।

एनएच द्वारा बनाया गया शिव मंदिर चौराहे से संबोधि होटल तक सर्विस रोड उस पर सीवेज की पाइप लाइन डाली गई थी, जिसे अधूरा छोड़ दिया गया। इस पाइप लाइन से आए दिन सीवेज का पानी लीकेज होकर सड़क पर बहता है, जिससे राहगीरों और स्कूल बच्चों को गंदे पानी में से निकलने को मजबूर हैं।

**गायत्री परिवार ने किया हवन**

## सर्वोदय स्कूल में गायत्री यज्ञ के साथ हुआ विधारंभ संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



सनातन धर्म संस्कृति के प्रति स्कूलों के साथ पालकों छात्रों में लगाव बढ़ता जा रहा है। नगर की शिक्षण संस्था सर्वोदय स्कूल में कक्षा नर्सरी के छात्र-छात्राओं का विधारंभ संस्कार गायत्री हवन, पूजन के साथ गायत्री परिवार के सहयोग से हुआ।

कक्षा नर्सरी में प्रवेश करने वाले नन्हें मुन्हें छात्र अपने पालकों के साथ विधारंभ कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। गायत्री परिवार के सहयोग से हवन का आयोजन किया गया। पालकों ने सनातन संस्कृति के अनुसार विधारंभ के कार्यक्रम की सराहना, प्रसंशा की और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में अपनी सनातन संस्कृति के प्रति लगाव बढ़ता है। स्कूल संचालक प्राचार्य राघवेंद्र राजपूत एवं टीचरों की सहयोगी भूमिका रही।

## रात के बाद आधे दिन बारिश, फिर तेज धूप निकलने से लोगों को मिली राहत

◆ 3 सप्ताह से निरंतर बारिश का बना माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

आषाढ़ माह समाप्त होने के बाद सावन का महिना शुरू हो चुका है। आषाढ़ माह में सावन जैसी बारिश की झड़ी लगी रही। क्षेत्र के नदी नालें जोरदार बारिश के कारण उफान मारते रहे।

3 दिनों तक नर्मदा पुल बैरास पानी में डूबा रहने से आवागमन प्रभावित बना रहा। क्षेत्र के अनेक ग्रामीण रास्तों की निचली पुलियों एवं क्षेत्र में जल भराव के कारण ग्रामीणों का आवागमन बंद या कठिन बना रहा।



**लगातार बारिश :** शुक्रवार को दिनरात कभी तेज कभी धीमी बारिश का सिलसिला शनिवार दोपहर तक चलता रहा। लगातार बारिश अब नर्मदा क्षेत्र के निवासियों के लिए परेशानियों का कारण बनने लगी है। चहुंओर कीचड़ का नजारा और जहां देखो वहां पानी भरा रहने से अब विभिन्न प्रकार के कीटाणु जीवाणु मच्छरों की भरमार लोगों के बीमार होने का कारण बनने लगी है।

### निकली तेज धूप, मिली राहत

*शनिवार को दोपहर तक बारिश होती रही। आसमान में छाये बादल कम होने के साथ अनेक दिनों बाद क्षेत्र के निवासियों को सूर्यदेव के दर्शन हुए। दिन में निकली तेज धूप के कारण उमस की परेशानियां जरूर बढ़ गई, परंतु धूप निकलने से लोग राहत महसूस करने लगे। आसमान में हल्के बादलों का डेरा बना हुआ है।*

**हाईवे 18 पर हुआ हादसा**

## दो बाइकों में हुई टक्कर तीन युवक हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

जिले के सलामतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर भोपाल की ओर से तेज रफ्तार में आ रही पल्सर मोटरसाइकिल ने आगे चल रही एक अन्य मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों बाइक सवारों सहित कुल तीन लोग घायल हो गए।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल्हाड़िया निवासी मंटू शर्मा बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे बाइक चालक गगन पाल ने मंटू की बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मंटू शर्मा और बाइक पर सवार गगन पाल व एक अन्य युवक घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस एवं डायल 100 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को सांची सिविल अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद बाइक चालक गगन पाल की हालत गंभीर देखते हुए विदिशा रेफर कर दिया।

## हाईवे-18 पर बारिश के कारण जगह जगह हुए गड्ढे, वाहन चालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर बारिश में मुख्य सड़कों पर कई जगह खतरनाक गड्ढे हो गए हैं, लेकिन जिम्मेदारों का ध्यान नहीं। बारिश से सड़कों का बुराहाल है, जिससे फिसलन बढ़ गई है। कई मुख्य मार्गों और चौराहों में गहरे गड्ढे हो गए हैं। इनमें बारिश का पानी जमा होने के कारण गड्ढे की गहराई का अंदाजा नहीं लगा पाते। ऐसे में यदि कोई वाहन चालक गड्ढे से होकर गुजरता है तो दुर्घटना होना तय है। जबकि 4 महीने पहले ही एमपीआरडीसी द्वारा चोपड़ा से लेकर हाईवे 146 तक रोड़ पर एक तरफ से डामरीकरण किया गया है लेकिन 4 महीने में ही फिर से सड़क पर गड्ढे हो गए हैं।

भोपाल से लेकर हाईवे 146 तक लगभग 40 किलोमीटर हाईवे की सड़क पर जगह बड़े-बड़े गड्ढे हैं। जबकि वाहन चालक विदिशा से सागर तक पहुंचने के लिए इसी मार्ग का उपयोग किया जाता है मगर गड्ढों ने आमजन की राह मुश्किल कर दी है। इन गड्ढों को भरने



के लिए जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों ने अब तक कोई पहल नहीं की, जबकि हर दिन इस मार्ग से आला अफसरों का आना जाना लगा रहता है। अब तो भदभदा पर टोल टैक्स स्थापित हो गया है जो कमर्शियल वाहनों से टोल टैक्स वसूलता है। इसके बाद भी सड़क की देखभाल नहीं हो रही है।

### संध्या किरार पटी पंचायत की निर्विरोध सरपंच बनीं



**रायसेन।** ग़ैरतगंज जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पटी के सरपंच गोपाल सिंह किरार का एक्सीडेंट में निधन हो गया था। उपचुनाव में सरपंच पद पर उनकी पत्नी संध्या किरार को सरपंच पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। निर्वाचन का प्रमाण पत्र एसडीएम पल्लवी वैध एवं तहसीलदार नरेश सिंह राजपूत ने प्रमाण पत्र सौंपा गया।

## कॉन्वेंट स्कूल में कैबिनेट का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शनिवार को सेंट फ्रांसिस कॉन्वेंट स्कूल रायसेन में छात्र-छात्राओं के कैबिनेट का गठन किया। जिसमें छात्रों के अलंकरण समारोह में स्कूल प्राचार्या सिस्टर हैलेन द्वारा पदभार ग्रहण कराया।

कॉन्वेंट स्कूल के 50वें गोल्डन जुबली स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में चालू शिक्षा छात्र 2025-26 के लिए कैबिनेट के पदाधिकारियों को पदभार ग्रहण कराया। प्रोविंस सुपीरियर सिस्टर लूसी द्वारा कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि




सहायक कलेक्टर कुलदीप पटेल तथा विशेष अतिथि के रूप में बीईओ ऐश्वर्या मूंदड़ा मौजूद रहीं। कैबिनेट के पदाधिकारियों को पदभार ग्रहण कराया। कार्यक्रम में प्राविन्स सुपीरियर सिस्टर लूसी, मैनेजर सिस्टर एल्सा पोल, प्रिंसिपल सिस्टर हैलेन, उप प्राचार्या सिस्टर स्टेफी, विकास जैन, संदेश तोमर, सुरेंद्र ठाकुर उपस्थित रहे।

## विहिप- बजरंग दल की कार्यकारिणी गठित

◆ प्रखंड अध्यक्ष बने लल्लूराम लोधी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

कस्बा बम्होरी के श्री हनुमान मंदिर में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की बैठक का आयोजन किया। इसमें जिला अध्यक्ष केशव सिंह पटेल, जिला धर्म प्रसार प्रमुख नीरज जोशी, जिला सह संयोजक राहुल नामदेव और सिलवानी प्रखंड संयोजक राघवेंद्र कुशवाह मौजूद रहे।

बैठक में सर्व सहमति से बम्होरी की विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की नई कार्यकारिणी घोषित की गई। विश्व हिंदू परिषद बम्होरी के प्रखंड अध्यक्ष लल्लूराम लोधी को नियुक्त किया गया। जबकि अजय लोधी को उपाध्यक्ष और आयुष्मान शर्मा को मंत्री नियुक्त किया गया।



बजरंग दल की कार्यकारिणी में धर्मेंद्र लोधी को संयोजक बनाया गया। मोहन लोधी गौ रक्षक प्रमुख और सत्यम लोधी को सह गौ रक्षक प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई। सदस्य के रूप में सिद्धार्थ लोधी, तन्मय शर्मा, अनिल सेन, कार्तिक लोधी, कृष्णा सोनी, अवधेश दुबे, देवेंद्र साहू और ऋतिक लोधी को शामिल किया गया।

बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमो की रूपरेखा पर चर्चा की गई। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नवीन दायित्व मिलने पर भगवान श्रीराम के जयघोष व तिलक लगाकर बधाई दी।

## निराला साहित्य जनकल्याण समिति की बैठक में हुए द्विवार्षिक चुनाव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं समाजसेवा की सक्रिय गतिविधियों के लिए नर्मदा क्षेत्र की ख्याति प्राप्त श्री निराला साहित्य जन कल्याण समिति की साधारण सभा की बैठक में द्विवार्षिक चुनाव की प्रक्रिया सम्पन्न हुई। जिसमें सर्वानुमति से 5 पदाधिकारियों एवं कार्यकारणी सदस्यों का निर्वाचन हुआ।

श्री निराला समिति के अध्यक्ष साहब सिंह धाकड़ की अध्यक्षता में सेवा निवृत एसडीओ पीडब्लूडी के निवास पर समिति की साधारण सभा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में वार्षिक आय व्यय प्रस्तुत किए जाने के साथ आयोजित किए कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। अगले वर्षो में साहित्यिक सांस्कृतिक एवं सेवा के विभिन्न कार्यकमों के आयोजन पर चर्चा की गई।




### ये चुने गए समिति के नए पदाधिकारी

*बैठक में सदस्यों द्वारा सर्वानुमति से अलगे 2 वर्ष के लिए 5 पदाधिकारियों एवं कार्यकारणी सदस्यों का चुनाव किया गया। समिति अध्यक्ष पुनः साहब सिंह धाकड, उपाध्यक्ष जेएस ठाकुर सेवानिवृत एसडीओपी पीडब्लूडी, सचिव अवधनारायण सक्सेना, सह सचिव कवि प्रेमनारायण साहू, एवं कोषाध्यक्ष अनूप जैन को चुना गया। इसी के साथ कार्यकारणी के सदस्य चुने गए। बैठक में समिति के संरक्षक सुरेश बिदुआ, सईद पठान, भगवानदास राठी, नरेश जैन, मारूति द्विवेदी के साथ सभी निर्वाचित पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।*

**शहर को हरा-भरा बनाने का लिया संकल्प, देखभाल भी करेंगे**

# कलेक्ट्रेट के सामने रायसेन जिला विकास समिति के साथ अधिकारियों ने रोपे 100 कदम्ब के पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शनिवार को दोपहर रायसेन जिला विकास समिति और जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने कलेक्ट्रेट के सामने हाइवें किनारे एक सैकड़ा कदम्ब के पौधे रोपे। वहीं उन्होंने बस कदम हरियाली की ओर अभियान चलाया। रायसेन जिला विकास समिति ने 'बस एक कदम हरियाली की ओर' अभियान के तहत शनिवार को कलेक्ट्रेट के सामने हाइवे किनारे पौधारोपण किया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर 5 से 6 फीट ऊंचे कदम्ब के करीब 100 पौधे लगाए गए।

कार्यक्रम में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा, एसपी पंकज कुमार पाण्डेय और एएसपी कमलेश कुमार खरपुसे ने समिति के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर पौधारोपण में हिस्सा लिया। इस मौके पर कलेक्टर विश्वकर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा- यह अभियान प्रकृति के प्रति एक संदेश है। उन्होंने कहा कि ये पौधे भविष्य में रायसेन की सुंदरता को और निखारेंगे।




### अभियान से जुड़ने की अपील

एसपी पंकज पाण्डेय ने इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। उन्होंने प्रति पौधा एक व्यक्ति की सोच को सराहा और लोगों से इस अभियान से जुड़ने की अपील की। समिति ने इन पौधों की



देखभाल और सुरक्षा की जिम्मेदारी ली है। पिछले साल भी समिति ने इसी तरह पौधारोपण किया था और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

एएसपी कमलेश कुमार खरपुसे ने बताया कि यह अभियान हरियाली को बढ़ावा देने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। हाइवे किनारे पूर्व में पेड़े काटे गए इसकी भी भरपाई हो जाएगी।

इस मौके पर समिति के प्रमुख मनोज कुशवाह, हरीश मिश्रा, संघर्ष शर्मा एडवोकेट, दिनेश अग्रवाल, विवेक जैन आदि मौजूद रहे।